an>

Title: Need to revive the unit of Indian Drugs and Pharmaceutical Limited at Bela, Muzaffarpur, Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फ़रपुर): हमारे संसदीय क्षेत्र मुज़फ़्फ़रपुर (बिहार) के वेलामें इण्डियन ड्रग एवं फार्मास्यूटिकल लिमिटेड की एक यूनिट वर्षों पहले स्थापित हुई थी जिस कारण क्षेत्र के विकास की दिशा में काफी गति आई थी। लेकिन आईडीपीएल की ये यूनिट वर्षों से बंद है जिस कारण हमारे लोग बेरोजगार हो गए हैं और भुखमरी के कगार पर हैं, साथ ही मुज़फ़्फ़रपुर ही नहीं अपितु पूरे उत्तर बिहार का विकास अवरूद्ध हो गया है। आर्थिक तंगी और अल्कोहल की पर्याप्त उपलब्धता के अभाव में उक्त आईडीपीएल यूनिट के बंदी की नौबत का कारण है। राज्य सरकार से पर्याप्त अल्कोहल उपलब्ध नहीं कराया जाता है, साथ ही बाजार भाव से कीमत की कमी के कारण प्राइवेट डिस्टलरी कंपनियां भी अल्कोहल सप्लाई नहीं करती।

अतः मेरा माननीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जी से आग्रह है कि पूरे इलाके के औद्योगिक विकास के मद्देनजर आईडीपीएल के मुज़फ़्फ़रपुर यूनिट को स्पेशल रिवाइवल पैकेज मुहैया कराने एवं अल्कोहल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ-साथ बाधाओं को दूर कराते हुए पुनः चालू कराया जाए।